## एक नजर में

### रेलवे स्टेशन पर चला चैकिंग अभियान, 228 पकड़े



**ग्वालियर 28 अक्टूबर .** स्टेशन पर बिना टिकट/अनाधिकृत यात्रा करने वालों के विरूद्ध चलाया गया रेल प्रबंधक झाँसी के निर्देशानुसार व मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन मे सहायक वाणिज्य प्रबंधक आर के वर्मा के नेतृत्व में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम के लिए ग्वालियर स्टेशन से गुजरने वाली लगभग 38 रेलगाड़ियों की जांच की गयी तथा बिना टिकट यात्रा ,अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज, गंदगी फ़ैलाने वालों के विरुद्ध ग्वालियर स्टेशन पर विशेष किला बंदी जाँच की गई, जिसके परिणामस्वरूप जांच के दौरान बिना टिकट, अनियमित यात्रा करने वाले, गंदगी फैलाने,धूम्रपान करने वाले कुल 228 यात्रियों से 130450/ रुपये का जुर्माना वसूल किया गया । उक्त जांच अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक ग्वालियर राजीव शर्मा , प्रियंक पुरोहित ,विकास श्रीवास्तव,रामनिवास मीणा ,गोविंद भदोरिया,रविन्द्र जाटव,दीपक कुमार ,ओर उमंग राजावत द्वारा अहम् भूमिका निभायी गयी .

### विकास गुप्ता अखिल भारतीय वैश्य एकता मंच के मीडिया प्रभारी बने




ग्वालियर– अखिल भारतीय वैश्य एकता मंच के वरिष्ठ पदाधिकारीयों के द्वारा पत्रकार विकास गुप्ता को मंच में मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया . मीडिया प्रभारी का दायित्व मिलने पर शहर के कई समाजसेवियों एवं मत्रों के द्वारा उनको पुष्प हार पहनाकर शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर विकास गुप्ता के द्वारा वरिष्ठ पदाधिकारीयों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया उन्होंने आगे कहा कि मंच के द्वारा दिए गए कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा एवं आशा करता हूं कि वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद एवं सहयोग यूं ही मिलता रहेगा .




### 1500 आउटसोर्स कर्मी हड़ताल पर,सफाई व्यवस्था हुई प्रभावित

**ग्वालियर 28 अक्टूबर .** गजराराज चिकित्सा महाविद्याल एवं जयारोग्य चिकित्सालय समूह एवं एक हजार बिस्तर अस्पताल में कार्यरत लगभग 1500 आउट सोर्स कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी । हड़ताल में सफाई कर्मी, सुरक्षा कर्मी एव अन्य आउट सोर्स कर्मचारी शामिल हैं । हड़ताल से अस्पताल में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई और कचड़े के ढेर लग गए वही सुरक्षा कर्मियों के हड़ताल में जाने के कारण अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हुई हैं । म . प्र .संविदा ठेका स्वास्थ्य श्रमिक कर्मचारी संघ ( इंटक ) के प्रदेश महामंत्री विश्वेश्वर गोस्वामी ने बताया कि संघ ने शासन प्रशासन से मांग है कि श्रम विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित वेतन वृद्धि अनुसार 11 माह का एरियर भुगतान किया जाए । बोनस राशि का भुगतान किया जाए । हर माह 1 से 5 तारीख में भुगतान किया जाए । इन बिंदुओं का निराकरण देर रात तक नहीं किया गया तो कल भी हड़ताल जारी रहेगी । मरीजों को होने वाली परेशानी की संपूर्ण जिम्मेदारी अधिकारियों एव संबंधित एजेंसी की होगी । उन्होने बताया कि सीएमएचओ और ज़िलचिकत्सालय के अधीन कर्मचारियों को भी 11 माह एरियर और बोनस का भुगतान नहीं हुआ है ।



### वार्ड 66 में 60 लाख की लागत से तीन सड़कों का हुआ भूमिपूजन

**ग्वालियर 28 अक्टूबर .** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 66 में आज क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती ऊषा गिर्राज सिंह गुर्जर द्वारा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया । कुल 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इन तीनों सीसी सड़कों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी । कार्यक्रम के प्रथम चरण में दोपहर 2 :50 बजे ग्राम बरौआ पिछोर में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया । इसके बाद दोपहर 3 :50 बजे ग्राम लोहपीटा बस्ती में सीसी रोड कार्य का शुभारंभ किया गया । अंत में शाम 4 :30 बजे तिलेथा जागीर में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ । इस अवसर पर पार्षद श्रीमती ऊषा गिर्राज सिंह गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है । उन्होंने बताया कि सड़कों के निर्माण से ग्रामीण के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से भी राहत मिलेगी ।कार्यक्रम में भाजपा नेता श्री गिर्राज गुर्जर भी उपस्थित रहे . स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वार्डवासियों और क्षेत्रीय नागरिकों ने पार्षद के इस प्रयास की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही ।




### गहोई वैश्य समाज के विकास गुप्ता बने कैट की मुख्य समिति के मेंबर

**ग्वालियर 28 अक्टूबर .** कैट फैडरेशन ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा विकास गुप्ता को कैट की मुख्य समिति का कोर मेंबर बनाया गया और कैट द्वारा होने जा रहा दिसम्बर माह में क्रिकेट मैच का सह-संयोजक बनाया गया! जिसमें पधारे मुख्य अतिथि दिल्ली सांसद प्रवीण खण्डेलवाल एवं ग्वालियर के सांसद भारत सिंह कुशवाह ने अध्यक्षता की एवं रविंद्र जैन भोपाल,राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेंद्र जैन द्वारा पत्र दिया गया एवं सम्मानित किया गया .





# गाजे बाजों के साथ निकली पार्श्वनाथ की रथयात्रा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अक्टूबर.** ग्वालियर 28 अक्टूबर । आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मति सागर, आचार्यश्री 108 ज्ञानसागर, आर्यिकाश्री विशुद्धमती माताजी के आशीर्वाद एवं आर्यिकाश्री विजयमती माताजी के सानिध्य में सकल दिगंबर जैन समाज मुरार द्वारा आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारम्भ भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की रथयात्रा निकाल कर किया गया।

**मुरार जैन समाज द्वारा आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ**

जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश चंद जैन एवं समाज के प्रवक्ता ललित जैन भारती ने बताया कि यह रथ यात्रा जैन मंदिर मुरार से प्रारंभ होकर माल रोड, खुला संतर, अग्रसेन चौक, सदर बाजार, बारादरी चौराहा होती हुई आयोजन स्थल जैन धर्मशाला चिक संतर पहुंची, जहां विधानाचार्य ब्र. नवीन भैया (त्रिलोक तीर्थ, बड़ागांव) एवं सह विधानाचार्य ब्र. आशा दीदी (कोटा) के मार्गदर्शन में भगवान का अभिषेक कर आरती उतारी गई।

**बग्गियों पर सवार थे इंद्र–** शोभा यात्रा में मुख्य इंद्र बने सभी पात्र बग्गियों पर सवार थे, रथ पर भगवान को लेकर सतीश कुमार जैन बैठे थे, वहीँ भगवान के रथ के सारथी गोपाल जैन बने हुए थे !

**जगह जगह उतारी भगवान की आरती–** रथयात्रा जिन मार्गों से गुजरी वहां लोगों ने अपने द्वार पर रंगोली सजाकर रथ में विराजे भगवान की आरती उतारी एवं शोभायात्रा का अनेक स्थानो पर स्वागत किया गया।

**महिलाओं एवं पुरुषों ने किया गरबा, डांडिया–** रथयात्रा में भगवान के रथ के आगे चल रहीं महिलाओं एवं पुरुषों ने अलग अलग ग्रुप बनाकर जैन भजन- कभी वीर बनके महावीर बनके चले आना प्रभू जी चले आना... पर गरबा डांडिया किया।

**आठ दिनों तक प्रतिदिन होगी भगवान की आराधना–** जैन समाज के प्रवक्ता ललित जैन भारती ने बताया कि विधान महोत्सव में प्रतिदिन प्रात 7 बजे से भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, सिद्व भगवान की आराधना करते हुए विधान की विशेष पूजा एवं आर्यिका श्री विजयमती माताजी के प्रवचन होंगे, वहीं सांयकाल 7 बजे महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.



## नाबालिग की मारपीट को लेकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अक्टूबर.** शहर के गिरवाई थाने के टी आई सुरेंद्रनाथ यादव को चेतावनी देते हुए कुशवाहा समाज के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुग्रीव सिंह ने बताया कि 26 अक्टूबर को नाबालिक धीरज एवं उसका बड़ा भाई जितेंद्र कुशवाहा बेला की बावड़ी रिलायंस पेट्रोल पंप से जब पेट्रोल भरवा रहे थे तो कर्मचारियों ने पेट्रोल कम भरा. इस बात को लेकर विवाद हो गया अपने भाई के साथ पहुंचे नाबालिक धीरज कुशवाहा के साथ मारपीट की गई उसे गंभीर चोटें आई है जब इसकी शिकायत थाना गिरवाई टी आई से की गई तो टी आई का कहना था कि मैं राजीनामा करवा दूंगा लेकिन दूसरे दिन नाबालिक धीरज एवं उसके भाई जितेंद्र पर एफआईआर दर्ज कर दी गई जबकि पेट्रोल पंप के कर्मचारियों पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई तथा इन दोनों की मोटरसाइकिल को भी वहां पर छीन कर रख लिया जब मोटरसाइकिल को मोबाइल से फोन करके उनके मालिक से मांगने का प्रयास किया गया तो मालिक ने राइफल की धौंस देकर गालियां दी . इस मामले को लेकर आज गिरवाई थाना प्रभारी को ज्ञापन देते हुए सुग्रीव सिंह ने चेतावनी दी कि जो भी दोषी है उन पर 3 नवंबर तक एफआईआर दर्ज करें वरना 3 नवंबर को फुले आर्मी कुशवाहा समाज एवं मध्य प्रदेश किसान सभा समानता दल आदि संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. इस मौके पर गंगाराम कुशवाहा, भूरा कमलेश कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा मौजूद थे.

## पति से हुआ विवाद तो पत्नी व साले ने पीटा

**ग्वालियर 28 अक्टूबर.** पत्नी से विवाद करना एक युवक को भारी पड़ गया। विवाद के बाद पत्नी ने अपने भाई को बुला लिया और दोनों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पत्नी व साले की पिटाई से आहत युवक पुरानी छावनी थाने पहुंचा और पुलिस को अपनी व्यथा सुनाई। पति की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी व साले के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है। विष्णु रजक निवासी दरगाह के पास खवास मोहल्ला पुरानी छावनी का अक्सर अपनी पत्नी मालती रजक से विवाद होता रहता है। बीते रोज दोपहर में पति-पत्नी के बीच फिर विवाद हो गया था.

## आईटीएम यूनिवर्सिटी और हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू साइन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अक्टूबर.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर और हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के बीच एमओयू साइन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनआईपी) 2020 के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर कौशल विकास प्रशिक्षण और इंटर्नशिप में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम के दौरान दोनों ही संस्थानों के आधिकारिक प्रतिनिधियों द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान एचकेसीएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी और आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर



के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के अंतर्गत आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर वाणी अग्रवाल, एचकेसीएल की ओर से प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, बिजनेस एनालिस्ट विकास बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं की रोजगार क्षमता और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए के लिए प्रतिबद्ध हैं: वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय

कार्यक्रम के दौरान आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने कहा कि हम अपने छात्र-छात्राओं की रोजगार क्षमता और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए मजबूत अकादमिक, औद्योगिक संबंध स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एचकेसीएल के साथ यह सहयोग हमारे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और नवीनतम शैक्षिक एवं तकनीकी कार्यक्रमों से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

एचकेसीएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि युवाओं को उद्योग-संबंधी आईटी और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्त बनाना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के साथ इस साझेदारी से हम मध्यप्रदेश के छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर उन्हें सुनहरे भविष्य के लिए तैयार करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। बता दें कि एचकेसीएल पिछले एक दशक से अधिक समय से आईटी और कौशल विकास के क्षेत्र में कार्यरत है तथा देशभर में दो लाख से अधिक नागरिकों को प्रशिक्षण प्रदान कर चुका है।

## सूर्य देव को अर्घ्य देकर खोला व्रत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 अक्टूबर.** भगवान सूर्य के प्रति आस्था और समर्पण का चार दिवसीय महापर्व छठ आज सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। हजारों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने सुबह सूर्यादय के साथ ही कटोराताल, दीनदयाल नगर, शताब्दीपुरम आदि स्थानों पर सूर्य को अर्घ्य देने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत खोला। सुबह चार बजे से ही लोगों का घाटों पर पहुंचना शुरू हो गया था। छठ व्रती महिलाएं पानी में जाकर सूर्योपासना कर रही थीं और जैसे ही आकाश में भगवान आदित्य का आगमन हुआ वैसे ही सभी ने उन्हें अर्घ्य दिया। इस अवसर पर सभी लोग पारंपरिक वेशभूषा में थे। सभी ने सूर्योपासना के साथ ही मंगलगीत एवं लोक गीत भी गाए। अर्घ्यदान के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कटोराताल



सहित अन्य स्थानों पर इस उत्सव में शामिल होने के लिए अन्य लोग भी पहुंचे और उन्होंने भी सूर्योपासना की। 5 नवंबर को नहाय खाय की रस्म के साथ ही चार दिवसीय पर्व की शुरुआत हो गई थी। इसके बाद 6 नवंबर को खरना की रस्म के साथ ही 36 घंटे का उपवास शुरु हो गया। गत दिवस 7 नवंबर की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। 8 नवंबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के बाद छठव्रतियों ने अपना उपवास खोला।

**सर्वोपरि है छठ पर्व**

भोजपुरी समाज के संभागीय अध्यक्ष एमएम अंसारी ने कहा कि बिहार में छठ पर्व सर्वोपरि है। यह पर्व केवल हिंदू समाज द्वारा ही नहीं बल्कि अन्य समाज के लोग भी मनाते हैं। इस पर्व के लिए कई दिन पहले से तैयारियां शुरु हो जाती हैं। भगवान सूर्य को इच्छित फलदाता माना जाता है। भगवान सूर्य प्राणियों में आरोग्य प्रदान करते हैं और विपत्तियों से बचाकर लोगों का कल्याण करते हैं। इस पर्व पर केवल महिलाएं ही नहीं पुरुष भी छठ व्रत करते हैं। आज सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोगों ने परिवार एवं राष्ट्र के कल्याण की कामनाएं की।

## अभी तक डेंगू के निकले 187 केस

**ग्वालियर।** मलेरिया विभाग की टीम द्वारा पूरे जिले में डेंगू नियंत्रण के लिए जनवरी से ही सतत निगरानी रखी गई तथा कार्ययोजना बनाकर प्रतिदिन फील्ड कर्मचारियों द्वारा एंटी लारवा सर्वे कराया गया, उक्त कार्यक्रम की समीक्षा ग्वालियर की कलेक्टर श्रीमती रुचिका सिंह चौहान के द्वारा भी नियमित की जा रही है जिसके चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष डेंगू केसो में कमी दर्ज की गई गत वर्ष 2024 में अभी तक पाए गए कुल 1169 डेंगू केस की तुलना में वर्ष 2025 में अभी तक केवल 187 डेंगू केस पाए गए.

**इनका कहना हैं...**

साफ और रुके पानी में पनपने वाले एनाफिलीज मच्छर से मलेरिया तथा एडीज मच्छर से डेंगू , चिकुनगुनिया बीमारी का संक्रमण होता है। अत :आमजन से अपील है कि वे अपने घर और आसपास पानी इकट्ठा न होने दे,

**डॉ . विनोद दोनेरिया,जिला मलेरिया अधिकारी**

कोई भी बुखार होने पर तत्काल मलेरिया जांच करवाएं जांच की सुविधा ग्राम स्तर तक आशा कार्यकर्ता एवं समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में नि :शुल्क उपलब्ध है।

**डॉ . सचिन श्रीवास्तव, सीएमएचओ**

जैन
मार्बल एण्ड कोटा स्टोन
हमारे यहां साउथ ग्रेनाईट, राजस्थान ग्रेनाईट,मार्बल एण्ड कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
डॉ.विनोद जैन
9425360508
पता-रितुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिण्ड रोड, लीला हॉस्पीटल के पास ग्वालियर

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
गुप्त रोग विशेषज्ञ
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460

HAPPY GURPURAB
सभी देशवासियों को
आगामी (5 नवंबर)
गुरु नानक देव जी जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. - 9179416408

श्री श्याम ग्रेनाईट
9785495091, 8306703030
हमारे यहां साउथ ग्रेनाईट एवं राजस्थान ग्रेनाईट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
पता- आनंदपुर ट्रस्ट आई हॉस्पीटल के सामने मुरैना रोड ग्वालियर म .प्र .

रूद्रा सोल्यूशनस
YAKUZA ELECTRIC VEHICLES
मोटर,कन्ट्रोलर, चार्जर बैटरी पर 1 साल गारंटी के साथ मे
4 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 33500/-
5 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 37000/-
6 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 40800/-
आसान किस्त सुविधा के साथ
BAJAJ FINSERV
MOB. 9039932167
पता - शताब्दीपुरम रेल्वे पुल के बगल से यादव धर्म कांटा मुरैना लिंक रोड ग्वालियर

GDR G D REFRIGERATION ELECTRICAL WORKS
Discover The All New Range Of Lloyd Products
LLOYD QLED TV RANGE WITH FAR FIELD TECHNOLOGY
LLOYD STELLAR
LLOYD Novanté
LLOYD REFRIGERATORS
• Wedding Package, • HOME APPLIANCES
(हर खरीददारी पर निश्चित एक गिफ्ट उपहार)
Er. Rajat
9754396089, 9713966081
1. LLOYD GALLARY : NEAR INDIAN OVERSEAS BANK JINSI ROAD NO.1, LASHKAR GWALIOR-474009
2. G.D.R. OFFICE SHOWROOM : NEAR KAJAL TAKIZ KAMAL SINGH KA BAG, LASHKAR, GWALIOR-474009